

**इयान बेल प्रभावित लगते हैं**

बेल ने इंग्लैंड के लिए 118 टेस्ट मैच खेले हैं और 7727 रन बनाए हैं, जिसमें 22 शतक शामिल हैं। वह तीन एशेज सीरीज जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा हैं और ऐसा करने वाले वह इंग्लैंड के तीसरे खिलाड़ी हैं। बेल ने इंग्लैंड के लिए 161 वनडे मैच भी खेले हैं। उन्होंने 2015 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

## सचिन ने की इंग्लैंड के इस क्रिकेटर की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी को संवारने वाले ओली ओप की तारीफ की है। उन्हें लगता है कि पोप की बल्लेबाजी इयान बेल से मिलती–जुलती है। तेंडुलकर (ँबीपद ज्मदकनसांत) ने ट्वीट किया, 'तीसरे टेस्ट मैच को देखते हुए लगता है कि पोप की बल्लेबाजी बेल से प्रभावित हैं। उनका स्टांस और फुटवर्क बिल्कुल इयान बेल से मेल खाता है।' सचिन ने दोनों क्रिकेटरों की एक ही तरह का शॉट खेलते वक्त की तस्वीर भी शेयर की है। तेंडुलकर की पोप पर टिप्पणी उनकी ओल्ड ट्रेफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन खेली गई पारी के बाद आई है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट 122 रनों पर खो दिए थे। यहां से पोप और जोस बटलर ने पारी को संभाला और दिन का खेल खत्म होने तक टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया। इंग्लैंड ने दिन का अंत चार विकेट के नुकसान पर 258 रनों के साथ किया। पोप 91 और बटलर 56 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# आईपीएल 2020 आसान नहीं, राह में हैं बड़ी चुनौतियां

### आईपीएल यूएई में हुआ तो बीसीसीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी लॉजिस्टिक

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बहु प्रतीक्षित इंडियन प्रीमियर लीग के शेड्यूल को लेकर खबर आ चुकी है। आईपीएल चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने बताया कि प्च्स् 20202 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगा और इसका फाइनल आठ नवंबर को खेला जाएगा। आईपीएल संचालन परिषद की अगले सप्ताह बैठक होगी जिसमें इसे अंतिम रूप देने के साथ कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी। देखा जाए तो यूएई में होने से बीसीसीआई को सबसे बड़ी दिक्कत लॉजिस्टिक को लेकर होने वाली है।

सूत्रों की मानें तो फ्रैंचाइजियों ने बीसीसीआई को बता दिया है कि खिलाड़ियों को इकट्ठा करने में कम से कम 3 सप्ताह लगेंगे, जबकि अगर सबकुछ ठीक रहा तो टीमों को मध्य अगस्त तक यूएई पहुंचना होगा। अधिकतर खिलाड़ी पिछले लगभग 6 महीने से क्रिकेट नहीं खेले हैं और टूर्नमेंट की तैयारी के लिए उनके पास बहुत ही कम समय रहेगा।



**इसलिए होगी मुश्किलः** सूत्रों ने बताया कि यूएई में टूर्नमेंट होने पर भारत को 1200 हवाई उड़ान की मंजूरी चाहिए होगी। 200 क्रिकेटर, मैच ऑफिशल, अंपायर और अन्य अधिकारियों को मिलाकर 400 से 500 लोग होंगे, जिन्हें यूएई ले जाना होगा। ऐसे में न केवल भारत और यूएई की सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी, बल्कि क्रिकेटरों, अंपायरों और मैच ऑफिशल के देशों की भी मंजूरी जरूरी होगी। सभी को एक लोकेशन पर इकट्ठा करना और फिर यूएई ले जाना, कैसे इस प्लान को पूरा किया जाय? यह देखने वाली बात होगी।

आईपीएल–2009 और 2014 (कुछ हिस्सा) देश से बाहर हुआ था। क्रिकेट इतिहास में इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था। सूत्र कहते हैं, श्किसी भी देश कोई भी टूर्नमेंट अंतिम समय में कभी भी किसी अन्य देश में शिफ्ट नहीं हुआ। भारत ने 2009 में ऐसा किया। अब इस महामारी की वजह से ऐसा हो सकता है। इसमें पुराना अनुभव काम आएगा। देखते हैं कि यह किस तरह से होगा।

**इंग्लैंड का करिश्माई फैसलाः** एक ओर जहां पूरी दुनिया में क्रिकेट बंद पड़ा है तो दूसरी ओर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने करिश्माई फैसला लेते हुए वेस्टइंडीज को बुलाकर इस कोरोना महामारी काल में टेस्ट सीरीज शुरू कर दी है। इसके बाद उसकी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज होगी। बता दें कि आईसीसी के अक्टूबर नवंबर में होने वाली टी20 विश्व कप को स्थगित करने के फैसले के बाद आईपीएल का आयोजन संभव हो गया है।

यूएई में तीन मैदान उपलब्ध हैं जो दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, शेख जायद स्टेडियम और शारजाह मैदान है। पता चला है कि बीसीसीआई टीमों की ट्रेनिंग के लिए आईसीसी अकादमी का मैदान किराए पर लेगा।

# पालेर्मो लेडीज ओपन से होगी इंटरनैशनल टेनिस की वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रोम। कोरोना वायरस महामारी के कारण लगभग पांच महीने तक स्थगित रहने के बाद 3 अगस्त से खेले जाने वाले पालेर्मो लेडीज ओपन टूर्नमेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेनिस की वापसी होगी। यह टूर्नमेंट 9 अगस्त तक चलेगा जिसमें विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सिमोना हालेप और 2017 फ्रेंच ओपन चौंपियन येलेना ओस्तापेंको के अलावा पिछले साल फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही मार्केटा वोंद्रोसोवो भी हिस्सा ले रही हैं। हालेप का खेलना हालांकि मुश्किल नजर आ रहा है क्योंकि इटली सरकार ने रोमानिया और बुल्गारिया से आने वाले लोगों के

### सिमोना हालेप के खेलने पर संशय

लिए 14 दिनों के लिए आइसोलेशन में रहना अनिवार्य कर दिया है। टूर्नमेंट के निदेशक ओलिवियरो पाल्मा ने एपी से कहा, 'इसमें हिस्सा लेने वाली खिलाड़ियों की सूची शानदार है। यह किसी बड़े टूर्नमेंट की तरह है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बड़ा सम्मान है लेकिन बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है।'

मार्च के बाद आधिकारिक तौर पर खेले जाने वाला यह पहला टूर्नमेंट होगा। इटली के छोटे शहर में होने वाले टूर्नमेंट में आम तौर पर शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी भाग नहीं लेते लेकिन कोविड–19 महामारी के दौर में वापसी कर रहे इस



टूर्नमेंट में दो ग्रैंड स्लैम चौम्पियन, फ्रेंच ओपन की पिछले साल की उपविजेता और शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं।

## पूर्व भारतीय विकेटकीपर से पाकिस्तानी ओपनर ने बांटा दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ओपनर इमाम उल हक ने अपनी प्रतिभा के दम पर टीम में जगह बनाई लेकिन लोग इसे स्वीकार नहीं करते थे। पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक का भतीजा होने की वजह से टीम के खिलाड़ी उनसे शुरुआत में नफरत करते थे यहां तक कि बात भी नहीं किया करते थे। इमाम ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीपदास गुप्ता से अपना दर्द साझा किया।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर से चैट शो पर बात करते हुए इमाम ने बताया, ईमानदारी से बताउं तो जब पाकिस्तान टीम में मेरा चयन हुआ था तब मेरा सिर्फ एक दोस्त था, बाबर आजम। लेकिन मेरे और उनके बीच बातचीत कम होती थी क्योंकि वह लगातार नेशनल टीम के लिए खेला करते थे और मैं घरेलू क्रिकेट में खेलता था। इसी वजह से हमारी बातें ज्यादा नहीं हो पाती थी। सबसे अहम बात वह अपने क्रिकेट पर ध्यान लगा रहे थे और उनका फॉर्म भी काफी अच्छा था। उन्होंने वनडे में श्रीलंका के खिलाफ लगातार शतक जमाया था। क्योंकि टेस्ट में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था वह इसकी भरपाई करना चाहते थे। इसी वजह से वह ज्यादा बात करना नहीं चाहते थे।ष

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड ने 5 खिलाड़ियों को जैव सुरक्षित वातावरण से रिलीज किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने अपने पांच खिलाड़ियों को जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से रिलीज कर दिया है, क्योंकि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए टीम में नहीं चुने गए। पांच खिलाड़ियों में से बल्लेबाज जो डेनली आयरलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज से पहले ट्रेनिंग करने वाले सफेद गेंद के ग्रुप के साथ जुड़ जाएंगे। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि चार अन्य (डैन लारेंस, क्रेग ओवरटन, ओली रोबिनसन और ओली स्टोन) अपने काउंटी लौट गए हैं। चौंतीस साल के डेनली ने सीरीज का पहला टेस्ट खेला था लेकिन जो रूट के पितृत्व अवकाश से लौटने के बाद टीम से बाहर हो गए। ईसीबी ने कहा, 'डेनली रॉयल लंदन वनडे सीरीज से पहले सोमवार से एजिस बाउल में इंग्लैंड शिविर से जुड़ेंगे जबकि चार अन्य खिलाड़ी इंग्लिश घरेलू सत्र के शुरू होने की तैयारियों के लिए अपनी काउंटी के लिए उपलब्ध होंगे जो एक अगस्त से बॉब विलिस ट्रोफी के साथ शुरू होगा।'

### स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत का क्रिकेट प्रेम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व वर्ल्ड नंबर–1 बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत इस बात से खुश हैं कि इस साल आखिरकार इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन होगा। लीग की शुरुआत मार्च में होने थी लेकिन कोविड–19 के कारण इसे टाल दिया गया था। आईपीएल के चौयरमैन बृजेश पटेल ने हालांकि कहा है कि आईपीएल के लिए 19 सितंबर से आठ नवंबर के बीच की विंडो तय की गई है और सभी फ्रैंचाइजी को इससे अवगत करा दिया गया है। श्रीकांत ने इस पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि वह चेन्नै सपुर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा, 'इस बात को जानकर खुशी हुई की आईपीएल होना है। मैं उत्साहित हूं और महेंद्र सिंह धोनी को दोबारा खेलता देखना चाहता हूं।' धोनी ने पिछले साल हुए विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मैच के बाद क्रिकेट नहीं खेली है। वह तब से आराम के नाम पर टीम से बाहर चल रहे हैं। उनके आईपीएल में वापसी की उम्मीद थी लेकिन इसे महामारी के कारण टाल दिया गया था।

### बीसीसीआई ने महाप्रबंधक– खेल विकास के पद के लिए आवेदन मंगाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सबा करीम के क्रिकेट संचालन के प्रभारी के रूप में इस्तीफे के बाद महाप्रबंधक (जीएम) – खेल विकास के पद के के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी का त्यागपत्र स्वीकार करने के बाद करीम को इस महीने के शुरू में इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। इस आवेदन की अंतिम तिथि सात अगस्त हैं। खेल विकास प्रमुख पद पर पिछली बार रत्नाकर शेट्टी थे। शेट्टी मार्च 2018 में सेवानिवृत्त हुए थे। भारत के पूर्व खिलाड़ी करीम को दिसंबर 2017 में महाप्रबंधक क्रिकेट संचालन के रूप में नियुक्त किया गया था। वह घरेलू और महिला क्रिकेट के प्रभारी थे। बीसीसीआई की वेबसाईट के अनुसार, खेल विकास के महाप्रबंधक, 'मैच खेलने के नियमों, पिच और आउटफील्ड सहित स्थलों' के अलावा 'घरेलू मैचों के दौरा कार्यक्रम' को निर्धारित करने और निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा।

### तानिया भाटिया के लिए धौनी हैं प्रेरणा, लेकिन फेवरेट विकेटकीपर हैं कोई और

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर तानिया भाटिया ने बताया कि वो किस विकेटकीपर को फॉलो करती हैं। तानिया भाटिया को महज 13 साल की उम्र में ही पंजाब की सीनियर महिला क्रिकेट टीम में चुन लिया गया था और वो पंजाब की तरफ से सीनियर महिला क्रिकेट टीम में चुनी जाने वाली सबसे युवा क्रिकेटर बनी थीं। उन्होंने बताया कि आखिर उन्हें विकेटकीपर बनने की प्रेरणा किनसे मिली। तानिया ने बताया कि वो धौनी से प्रेरित होकर विकेटकीपर बनीं, लेकिन वो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट की बहुत बड़ी फैन हैं।